कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, बदायूँ।

पत्र संख्या /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2023–24 दिनांकः– 14/3/24

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10 टी0सी0 दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद बदायूँ के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः–

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री के रिक्त पदों का विवरण
1	2	3	4
1	सहसवान	ग्रामीण	32
2	आसफपुर	ग्रामीण	20
3	कादरचौक	ग्रामीण	18
4	वजीरगंज	ग्रामीण	33
5	दहगवॉ	ग्रामीण	33
6	अम्बियापुर	ग्रामीण	25
7	सालारपुर	ग्रामीण	56
8	जगत	ग्रामीण	16
9	शहर	शहरी	0
10	बिसौली	ग्रामीण	67
11	दातागंज	ग्रामीण	19
12	इस्लामनगर	ग्रामीण	22
13	उझानी	ग्रामीण	17
14	म्याऊ	ग्रामीण	41
15	समरेर	ग्रामीण	24
16	उसावॉ	ग्रामीण	36
		कुल योगः–	459

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर अपलोड़ है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदों (ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा का स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नही किये जायेगें।

6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 04.04.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
बदायूँ।

पृष्ठांकन C-996 /तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0 प्र0 लखनऊ।
02. जिलाधिकारी, बदायूँ।
03. मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ।
04. समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद बदायूँ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति की एक प्रति अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
05. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बदायूँ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उपरोक्त विज्ञप्ति की एक प्रति अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
06. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को इस आशय से कि अपने कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करना सुनिश्चित करें।
07. नाजिर, कलेक्ट्रेट/विकास भवन बदायूँ को इस आशय से कि विज्ञप्ति की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।
08. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण को इस आशय से कि अपने समाचार पत्र में उपर्युक्त विज्ञप्ति प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु उपलब्ध करायें।
09. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान को इस आशय से कि अपने समाचार पत्र में उपर्युक्त विज्ञप्ति प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु उपलब्ध करायें।
10. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त के प्रचार–प्रसार के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
बदायूँ।